# 76वाँ
# गणतंत्र दिवस
# 2025

# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद द्वारा मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

आज 26 जनवरी, 2025 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद द्वारा कालेज के भूदा कैंपस में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर कालेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने सभी अतिथियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी , अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया तथा प्रत्येक वर्ष के भांति महाविद्यालय से सम्बंधित सम्पूर्ण गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ साथ स्पोर्ट्स, एन सी सी, एन एस एस एवं युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव के बाद कॉलेज के चयनित विद्यार्थियों ने पूर्वी क्षेत्रीय युवा महोत्सव में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के कॉलेज के साथ ही BBMK विश्वविद्यालय का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने महाविद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय कॉलेज के मेहनती शिक्षकगण एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को दिया। इस वर्ष से शुरू हुई एन सी सी में छात्राओं का नामांकन एवं तदोपारंत उनलोगों का परेड में चपल प्रदर्शन को उन्होंने ने काफी सराहा। महाविद्यालय के सफल संचालन में उन्होंने शासी निकाय के द्वारा सतत सहयोग एवं प्रशासनिक कुशलता को इसकी कुंजी बताई एवं उनके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चहल ने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। महाविद्यालय के सचिव सरदार दिलजौन सिंह ने विद्यार्थियों विशेषकर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करने तथा लक्ष्य प्राप्ति की सलाह दी। भूदा कैम्पस के प्रभारी प्रो अमरजीत सिंह ने असफल होने पर भी हार न मानने की सलाह दी तथा आगे बढ़ते रहने को ही जीवन का मूल लक्ष्य बताया। उन्होंने कहा कि फरवरी माह के अंत में प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मंच का संचालन डॉ. मीना मालखंडी ने किया तथा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर संजय सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि वोकेशनल कोर्स मार्केट की मांग है। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य, कॉलेज के सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे।


76


76


76






76



AUDITORIUM
Roland

















Guru Nanak College, Dhanbad
Rani Road
Bhuda Colony




Guru Nanak College, Dhanbad
826001 Shitala Colony Road
Bhuda Colony
Dhanbad
North Chotanagpur Division
Jharkhand
26 Jan 2025 10:43:47
23°46'57.792"N 86°26'53.886"E


Guru Nanak College, Dhanbad
826001 Shitala Colony Road
Bhuda Colony
Dhanbad
North Chotanagpur Division
Jharkhand
26 Jan 2025 10:43:50
23°46'57.774"N 86°26'53.91"E

# NEWS CLIPING



गुरुनानक कॉलेज में झंडोतोलन के दौरान अतिथि।

## उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयास करें : चहल

**धनबाद।** गुरुनानक कॉलेज में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष आरएस चहल ने अध्यक्षीय भाषण में कॉलेज को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। सचिव दिलजॉन सिंह ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही। प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ स्पोर्ट्स, एनसीसी, एनएसएस एवं युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**HINDUSTAN**

**DATED :- 28-01-2025**

## उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहे जीएन कॉलेज

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने कॉलेज परिवार को उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। सचिव सरदार दिलजौन सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कहा कि युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने कॉलेज के साथ विश्वविद्यालय का भी मान बढ़ाया। शासी निकाय का आभार जताया।

**DAINIK BHASKAR**

**DATED :- 28-01-2025**